HINDI






# आंत की स्क्रीनिंग (जाँच) के बारे में सब कुछ







timetobowelscreen.nz

Health New Zealand
Te Whatu Ora

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

Time to screen
National Bowel Screening Programme

इस पुस्तिका में आंत के कैंसर और आंत के टैस्ट के बारे में जानकारी दी गई है, जिससे आपको यह निर्णय लेने में मदद मिलेगी कि आपको निःशुल्क राष्ट्रीय आंत टैस्ट कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए या नहीं।

## आंत की स्क्रीनिंग

!

- यह निःशुल्क है।
- यह टैस्ट घर पर शीघ्रता से और आसानी से किया जा सकता है।
- हर दो साल में आपको एक टैस्ट किट वितरित की जाती है।

न्यूज़ीलैंड में आंत के कैंसर की दर विश्व में सबसे अधिक है।

आंत के कैंसर में अक्सर कोई लक्षण नहीं होते। आंत के स्क्रीनिंग टैस्ट से आंत के कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद मिलती है, तथा अक्सर इसका सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है। यह आपके मल त्याग (मल) में रक्त के छोटे से निशान का भी पता लगा सकता है, जो एक प्रारंभिक चेतावनी का संकेत हो सकता है कि कुछ गड़बड़ है।

हमारे कार्यक्रम के आँकड़ों से पता चलता है कि आंत के स्क्रीनिंग टैस्ट से 10 में से कम से कम 7 [लोगों] में उपस्थित कैंसर का पता चल जाएगा। आंत के कैंसर में हर समय रक्तस्राव नहीं होता, इसलिए कभी-कभी कैंसर का पता नहीं चल पाता। स्क्रीनिंग टैस्टों के बीच भी आंत का कैंसर विकसित होना शुरू हो सकता है। इन कारणों से हर दो साल में आंत की जाँच कराना महत्वपूर्ण है और यदि आपको आंत के कैंसर के कोई लक्षण हों तो तुरंत अपने डॉक्टर से बात करें।

आंत के कैंसर के सामान्य लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- आपकी सामान्य मल त्याग की आदत में बदलाव जो कई सप्ताह तक जारी रहता है।
- आपके मल में खून।

यद्यपि ये लक्षण आमतौर पर अन्य स्थितियों के कारण होते हैं, फिर भी इनकी डॉक्टर से जाँच करवाना जरूरी है।

# स्क्रीनिंग कैसे काम करती है

## यह सरल सा टैस्ट आपकी जान बचा सकता है!

आपके घर पर एक आंत स्क्रीनिंग टैस्ट किट भेजी जाएगी। [टैस्ट किट मिलने के बाद] जितनी जल्दी हो सके टैस्ट करें। यदि आप छह महीने के भीतर टैस्ट नहीं करते हैं, तो किट की वैधता समाप्त हो जाएगी और आपको एक और टैस्ट करने की जरूरत होगी।

आंत स्क्रीनिंग टैस्ट करना आसान है।

- आप उपलब्ध कराई गई स्टिक (डंडी) का उपयोग करके अपने मल त्याग (मल) का एक छोटा सा नमूना लें। आप उस छड़ी को ट्यूब में डाल दें, और उसे प्रीपेड (पूर्व भुगतान किए) लिफाफे में डालकर वापस भेज दें।

- टैस्ट कैसे करें, इसके सरल निर्देश आपकी किट के साथ होंगे।

- आप जिस दिन नमूना लेते हैं, उसे उसी दिन या अगले दिन पोस्ट करने की कोशिश करें।

# आपके परिणाम

आपको अपना टैस्ट वापस करने के तीन सप्ताह के भीतर परिणाम मिल जाएगा।

आपको अपने परिणामों के बारे में एक पत्र मिलेगा, तथा हो सकता है कि आपका डॉक्टर या नर्स भी आपसे संपर्क करें।

यदि आपको तीन सप्ताह के भीतर अपने परिणाम नहीं मिलते हैं, तो कृपया हमें 0800 924 432 पर फोन करें या info@bowelscreening.health.nz पर ईमेल करें।

## नकारात्मक टैस्ट परिणाम

यदि आपका टैस्ट परिणाम नकारात्मक आता है, तो आपको अब और कुछ करने की जरूरत नहीं है। सुनिश्चित करें कि जब यह आपको दो साल के बाद भेजा जाए तो आप अपना अगला टैस्ट कर लें।

यदि आपको अपने सामान्य मल त्याग की आदत में बदलाव जैसा लक्षण महसूस हो जो कई सप्ताह तक जारी रहे, या आपके मल त्याग (मल) में रक्त आए, तो तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें - अपने अगले स्क्रीनिंग टैस्ट तक इंतजार न करें।

## सकारात्मक टैस्ट के परिणाम

यदि आपका टैस्ट सकारात्मक आता है, तो इसका मतलब है कि आपको और जाँच करवाने की आवश्यकता होगी। यह आमतौर पर कोलोनोस्कोपी होगी।

सकारात्मक टैस्ट परिणाम का अर्थ यह नहीं है कि आपको आंत का कैंसर है।

सकारात्मक टैस्ट परिणामों के बारे में अधिक जानकारी timetobowelscreen.nz पर पाई जा सकती है

# आंत का स्क्रीनिंग टैस्ट हर किसी के लिए सही नहीं होता

यदि आप निम्न में से किसी भी बॉक्स पर सही का निशान लगाते हैं तो अपने डॉक्टर से बात करें या हमें **0800 924 432** पर निःशुल्क फोन करें। हो सकता है आंत स्क्रीनिंग आपके लिए सही नहीं हो।

- [ ] मुझे आंत के कैंसर के सामान्य लक्षणों में से एक है - तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें।
- [ ] पिछले 5 वर्षों में मैंने कोलोनोस्कोपी कराई है। कृपया फ़ोन करें ताकि हम आपको भविष्य में फिर बुला सकें।
- [ ] मैं आंत में पॉलिप या आंत के कैंसर के निगरानी कार्यक्रम पर हूँ।
- [ ] मुझे आंत का कैंसर हुआ है या इस समय मेरा आंत के कैंसर का इलाज चल रहा है।
- [ ] मेरी बड़ी आंत निकाल दी गई है।
- [ ] मुझे सक्रिय अल्सरेटिव कोलाइटिस या क्रोहन का रोग है।

# आंत का कैंसर क्या होता है?

- आंत के कैंसर को कोलन, रेक्टल या कोलोरेक्टल कैंसर भी कहा जाता है।
- आपकी आंत भोजन पाचन तंत्र का हिस्सा है। यह छोटी आंत, बड़ी आंत (कोलन) और मलाशय से मिलकर बनी होती है।
- आंत का कैंसर तब शुरू होता है जब आंत में कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं।
- कोशिकाएं पॉलिप (विकास) में बदल सकती हैं और कुछ पॉलिप कुछ वर्षों में कैंसर में बदल सकते हैं।
- कैंसर के बढ़ने और शरीर के अन्य भागों में फैलने में काफी समय लग सकता है।
- जिन लोगों को आंत से संबंधित कोई भी लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं, उनके लिए नियमित आंत की जाँच से आंत के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाने और उसका उपचार करने का अवसर मिलता है।

## अधिक जानकारी के लिए

- **timetobowelscreen.nz** पर जाएं
- सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम के 6 बजे तक **0800 924 432** नंबर पर मुफ्त फोन करें
- **info@bowelscreening.health.nz** पर ईमेल करें।

सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवाओं की पात्रता की जानकारी के लिए हैल्थ न्यूज़ीलैंड | ते फातु ओरा की वेबसाइट को देखें या **0800 924 432** पर फोन करें।

## अन्य भाषाएं और प्रारूप

यह पुस्तिका सुलभ प्रारूपों में और निम्नलिखित भाषाओं में भी उपलब्ध है:

टे रीयो माओरी, कुक आयलैंड्स, सामोअन, फीजियन, रोटुमन, किरीबाती, टाँगन, तुवेलुअन, नुईअन, टोकेलुअन, सरलीकृत चाईनीज़, पारंपरिक चाईनीज़, कोरियन, हिंदी, पंजाबी, टागालोग, अरबी और बर्मीज़।

QR (क्यूआर) कोड को स्कैन करें या **timetobowelscreen.nz** पर जाएं

HE7500-HIN MAR 2026 HINDI